दिन– रविवार दिनांक– 04 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा –राज्यों के समावेशी और निरंतर विकास पर देश का विकास निर्भर। राज्यों को एक दूसरे के सर्वोत्तम कार्यशैलियों और अनुभव से सीखने की सलाह दी।

02. लोजपा रामविलास प्रमुख चिराग पासवान ने कहा – एससी–एसटी वर्ग में कोटे के अन्दर कोटा देने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पार्टी पुनर्विचार याचिका दायर करेगी।

03. राज्य में वाहन रजिस्ट्रेशन और ड्राईविंग लाईसेंस के साथ मोबाईल नम्बर और पता अपडेट करना अनिवार्य हुआ।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, पूर्णियां, नवादा, गया तथा अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राज्यों के समावेशी और निरंतर विकास पर ही देश का विकास निर्भर करता है। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुये कहा कि सभी राज्यों को एक–दूसरे की सर्वोत्तम कार्यशैली और अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्रपति ने सम्मेलन में एक–दूसरे के अनुभवों से सीखने की भावना से की गई व्यापक चर्चा के लिए राज्यपालों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्यपालों के कार्यालय के कामकाज को बेहतर बनाने और लोक–कल्याण के लिए मिले सुझावों पर अमल किया जायेगा। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने कहा कि लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अपने प्रयासों से सरकार ने आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। श्री मोदी ने दिल्ली में बत्तीसवें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार किसानों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से सुधारों और उपायों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को जलवायु अनुकूल फसलों की एक हजार नौ सौ नई किस्में उपलब्ध कराई हैं।

———बाईट———

हम अपने किसानों को सपोर्ट करने के लिए एक पूरा इको सिस्टम डेवलप कर रहे हैं। भारत का बहुत जोर क्लाइमेट रिजीलियन क्राप से जुडी रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर है। बीते 10 सालों में हमने करीब 19 हंड्रेड नई क्लामेट रिजीलियन वराइटी अपने किसानों को दी है जिसका लाभ भारत के किसानों को भी मिल रहा है।

————————————————————————

भारत में अगले आठ वर्षों में बीस प्रतिशत क्षेत्र में जैविक खेती की जा सकती है। नीति आयोग के सदस्य और कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अध्यक्ष प्रोफेसर रमेश चन्द ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि प्राकृतिक तथा जैविक खेती में वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञान कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

———बाईट———

इन दोनों में हमें एक संतुलन रखना है। ग्रोथ में भी हमें ग्रोथ भी चाहिए फूड में वृद्धि भी चाहिए और सिस्टेनेबिलिटी भी चाहिए वो सिस्टेनेबिल रहे, इंवायरमेंट खराब न हो।

————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए पटना में एक केन्द्र खोला जायेगा। उन्होंने पटना में आयोजित मखाना महोत्सव में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि निर्यात केन्द्र खोलने से मखाना, लीची, आम सहित अन्य फल और सब्जी उत्पादक किसानों को काफी लाभ होगा। इससे बिहारी खाद्य उत्पादों का विदेशों में निर्यात आसान हो जायेगा।

————————————————————————

लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि अनुसूचित जाति—जनजाति वर्ग में कोटे के अन्दर कोटा देने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पार्टी पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। श्री पासवान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अनुसूचित जाति में कई जातियों का आधार छुआछूत है।

———बाईट———

————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पार्टी बूथ स्तर पर एनडीए को मजबूत करने का हरसम्भव प्रयास करेगी। उन्होंने पटना में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि पार्टी समाज के हर वर्ग को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है, तथा इस अभियान को और व्यापक बनाया जायेगा। बैठक में भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह समेत कई सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

————————————————————————

राज्य में वाहन रजिस्ट्रेशन और ड्राईविंग लाईसेंस के साथ रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर और पता अपडेट रखना अनिवार्य होगा। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा है कि पता और मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं रखने वाले वाहन मालिक और चालकों के खिलाफ मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि वाहन मालिकों से जुर्माना भी वसूला जायेगा। इस संबंध में सभी जिला परिवहन अधिकारी, डीटीओ को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। निर्देश के अनुसार मोबाईल नम्बर और पता अपडेट करने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिवहन सेवा पोर्टल पर डाटा अपलोड करने की सुविधा उपलब्ध है। श्री अग्रवाल ने आम लोगों से डाटा अपडेट करने का आग्रह करते हुये कहा कि जिन वाहनों का डाटा अपडेट नहीं होगा, उनका प्रदूषण प्रमाण पत्र भी नहीं बन सकेगा।

———————————————————

पत्र सूचना कार्यालय ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों का खंडन किया है, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक की नई गाईडलाईन के हवाले से एक से अधिक बैंक में खाता रखने पर जुर्माना लगाये जाने की बात कही जा रही है। पीआईबी फेक्ट चेक इकाई ने इन खबरों को भ्रामक बताते हुये कहा है कि आरबीआई ने ऐसी कोई गाईडलाईन जारी नहीं की है। पीआईबी ने लोगों को ऐसी अफवाहों से सावधान रहने की सलाह दी है।

———————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां, नवादा, गया और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के आसार है। वहीं, भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा और कटिहार जिले में एक—दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इस दौरान तेज हवा चलने के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

———————————————————

इधर, बारिश के दौरान मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र की रतैठा पंचायत के तेघड़ा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

———————————————————

खबर पेरिस ओलिंपिक की! बैडमिंटन के सेमीफाइनल में, आज लक्ष्य सेन का मुकाबला तोक्यो ओलिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता, डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से होगा। यह मैच दोपहर साढे तीन बजे से खेला जाऐगा। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

———————————————————————

भारत और श्रीलंका के बीच तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैच की श्रृंखला का दूसरा मुकाबला आज कोलंबो में होगा। यह मैच दोपहर ढाई बजे से खेला जाएगा। श्रृंखला का पहला मैच टाई रहा था।

———————————————————————

शेखपुरा के हिमांशु कुमार ने विशाखापत्तनम में आयोजित सातवीं कैडेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इधर, सीवान में आयोजित चौंतीसवीं बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय शूटर आदर्श ने दस मीटर रायफल शूटिंग में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक प्राप्त किया है। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में चल रही तलवार बाजी प्रतियोगिता के अंडर सेवेंटीन आयु वर्ग में नालंदा के मनीष ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। दूसरी तरफ अंडर फोर्टीन बालिका वर्ग में पुष्पांजलि ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।

———————————————————————

बिहार संग्रहालय को पूर्वी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ संग्रहालय के खिताब से नवाजा गया है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित युग युगीन भारत म्यूजियम कार्यक्रम में बिहार को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

———————————————————————

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने शहरी आवास योजना से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– पटना समेत सात शहरों में बनेंगे गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास।

दैनिक जागरण ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ के बयान के हवाले से लिखा है– लोग अदालती प्रक्रिया से इतना त्रस्त होते हैं कि हर हाल में चाहते हैं समझौता।

दैनिक भास्कर ने नवादा में सीमेंट फैक्ट्री के शिलान्यास की खबर को प्रकाशित करते हुये लिखा है– अब मुजफ्फरपुर के मोतीपुर में भी सीमेंट प्लांट बनेगा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अलकायदा के नाम पर सीएमओ को बम से उड़ाने की धमकी, एफआईआर दर्ज।

राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– देश की खाद्य सुरक्षा की गारंटी है छोटे किसान। आज अखबार लिखता है– शिक्षा सेवा के अधिकारियों से छिना आरडीडीई का पद।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा –राज्यों के समावेशी और निरंतर विकास पर देश का विकास निर्भर। राज्यों को एक दूसरे के सर्वोत्तम कार्यशैलियों और अनुभव से सीखने की सलाह दी।

02. लोजपा रामविलास प्रमुख चिराग पासवान ने कहा – एससी–एसटी वर्ग में कोटे के अन्दर कोटा देने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पार्टी पुनर्विचार याचिका दायर करेगी।

03. राज्य में वाहन रजिस्ट्रेशन और ड्राईविंग लाईसेंस के साथ मोबाईल नम्बर और पता अपडेट करना अनिवार्य हुआ।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, पूर्णियां, नवादा, गया तथा अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।